卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 235 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦1 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# श्रद्धालुओं से भरी दो बसें पलटी, महिला की मौत, 30 घायल

## सप्तऋषि क्षेत्र में बैक करते समय अनियंत्रित हुई बस,बचाव के प्रयास में डंपर ढाबे में घुसा

हरिद्वार (उद संवाददाता)। सप्तऋषि क्षेत्र में रविवार को श्रद्धालुओं से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे एक महिला यात्री की मौत हो गई जबकि 25 अन्य यात्री घायल हो गए। हादसे के दौरान सामने से आ रहा एक डंपर भी नियंत्रण खो बैठा और सड़क किनारे स्थित एक ढाबे में जा घुसा। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस के अनुसार दुर्घटना शांतिकुंज के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई। राजस्थान से आए श्रद्धालुओं का एक दल गंगा स्नान के बाद अपने घर लौटने की तैयारी कर रहा था।



इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी बस को पीछे किया जा रहा था। बताया जा रहा है कि अचानक चालक बस से नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस असंतुलित होकर सड़क पर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस को पलटता देख सामने से आ रहे डंपर चालक ने टक्कर से बचने का प्रयास किया,लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक ढाबे में जा घुसा। इस दौरान वहां खड़ी एक बोलेरो भी डंपर की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। बस में फंसे यात्रियों की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस, स्थानीय लोगों और राहत दलों ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और एंबुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने 50 वर्षीय पुष्पकवर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## केदारनाथ मार्ग पर चार धाम यात्रियों की बस पलटी

टिहरी। ऋषिकेश-गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को चारधाम यात्रियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पांच यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची तथा राहत एवं बचाव अभियान चलाकर सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार हरियाणा नंबर की बस एचआर 73 बी 6666 चारधाम यात्रियों को लेकर गंगोत्री धाम से केदारनाथ धाम जा रही थी। बस में कुल 22 लोग सवार थे, जिनमें 18 यात्री, दो रसोइये, एक चालक और एक परिचालक (शेष पृष्ठ सात पर)



## कांवड़ यात्री को गोली मारी



हरिद्वार (संवाददाता)। कनखल क्षेत्र में देर रात एक कांवड़ यात्री को गोली मार दिए जाने की घटना से सनसनी फैल गई। गंभीर रूप से घायल कांवड़ यात्री को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसकी हालत नाजुक होने पर ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। घटना रविवार देर रात गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे हुई। पुलिस के अनुसार ग्रेटर नोएडा निवासी अजय अपने साथियों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर पैदल यात्रा कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्टेयरिंग फेल होने से पिकअप खाई में गिरी,दो की मौत

पिथौरागढ़। मुनस्यारी-मिलम मोटर मार्ग पर रविवार शाम एक पिकअप वाहन के गहरी खाई में गिर जाने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि चालक सुरक्षित बच गया। दुर्घटना के बाद आईटीबीपी, एसडीआरएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने दुर्गम क्षेत्र में करीब आठ घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाकर शवों को बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार वाहन स्वामी कुंदन सिंह पांगती की पिकअप लास्पा गांव में सीमेंट पहुंचाने के बाद मुनस्यारी लौट रही थी। वाहन में चालक सहित तीन लोग सवार थे। रविवार शाम करीब पांच बजे रड़गाड़ी के समीप अचानक वाहन का स्टेयरिंग फेल हो गया, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा



और पिकअप लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिरते हुए गोरी नदी के किनारे जा पहुंची। हादसे में चालक जगत मेहता पुत्र गिनी बैंड निवासी तेजम वाहन से बाहर छिटक गया, जिससे उसकी जान बच गई। उसे मामूली चोटें आई हैं। जबकि वाहन में सवार मनेंद्र राम (30) पुत्र उमेद राम निवासी व्यांगी पांगू तथा प्रकाश (28), मूल निवासी नेपाल और वर्तमान निवासी मुनस्यारी, वाहन के साथ खाई में गिर गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। क्षेत्र में संचार नेटवर्क की सुविधा नहीं होने के कारण दुर्घटना की सूचना सबसे पहले शाम 5:15 बजे आईटीबीपी को मिली। इसके बाद प्रशासन और अन्य एजेंसियों को जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही आईटीबीपी, एसडीआरएफ और पुलिस की टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया गया। आईटीबीपी के निरीक्षक विकास मेहरा, (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाई के घर आई नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यहां अपने भाई के गंगापुर मार्ग पर स्थित वसुंधरा कालोनी के घर में आई एक नवविवाहिता बहन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने उसके ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका का विवाह करीब



तीन माह पूर्व होने के कारण मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया। चिकित्सक का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। मृतका द्वारा भाई के घर किसी विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिए जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।। जिससे उसकी हालत तेजी से बिगड़ गई थी। परिजनों के अनुसार मूल रूप से फतेहगंज पश्चिम, बरेली निवासी दो भाईयों की इकलौती बहन 24 वर्षीय काजल पुत्री राजवीर पिछले करीब दो वर्षो से सिडकुल की एक कम्पनी में काम करती थी। इस वर्ष परिजनों ने उसका रिश्ता पंजाबी मौहल्ला, किच्छा निवासी एक युवक से किया था। परिजनों का आरोप है विवाह से पूर्व ही ससुरालियों द्वारा 15 लाख रूपये नगद और बुलेट मोटर साईकिल की मांग की जाने लगी। 18फरवरी 2026 को सम्पन्न हुए विवाह के (शेष पृष्ठ सात पर)

## दो प्राचीन मंदिरों से घंटे-कलश और मूर्ति चोरी

### दानपात्रों को भी बनाया निशाना,सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

काशीपुर । नगर क्षेत्र के दो प्राचीन मंदिरों में चोरों ने धावा बोलकर धार्मिक आस्था से जुड़े सामान और दानपात्रों को निशाना बना लिया। चोर एक मंदिर से घंटा, तांबे का कलश समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए, जबकि दूसरे मंदिर से नाग देवता की प्रतिमा और पूजा में प्रयुक्त सामग्री पर



हाथ साफ कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थलों का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कटोराताल स्थित प्राचीन नागनाथ मंदिर में बीती रात चोरों ने मंदिर परिसर में घुसकर तांबे का कलश, घंटा तथा अन्य धार्मिक सामान चोरी कर लिया। चोरों ने मंदिर के दानपात्र को भी निशाना बनाया। घटना का पता सोमवार सुबह उस समय चला जब मंदिर के पुजारी और श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे। मंदिर में सामान गायब देखकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान चोरों ने नगर के प्राचीन गंगे बाबा मंदिर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। यहां से शंकर (शेष पृष्ठ 7 पर)

## उत्पीड़न के खिलाफ फैक्ट्री कर्मियों ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री के कर्मचारियों ने फैक्ट्री प्रबंधन के उत्पीड़न सहित अन्य मांगों को लेकर फैक्ट्री गेट पर जोदार प्रदर्शन किया।



जानकारी मिलने पर सिडकुल चौकी पुलिसकर्मियों के साथ ही फैक्ट्री के अधिकारी वहां पहुंचे और उन्होंने कर्मियों से वार्ता की। रोषित कर्मियों ने बताया कि वह सेक्टर 9 में स्थित महालक्ष्मी पोलीपेक प्रा. लि. कम्पनी में कई वर्षो से काम कर रहे है। उनका आरोप है फैक्ट्री प्रबंधन उन्हें शासनादेशानुसार निर्धारित वेतन नहीं दे रहा है। उन्हें 5 हजार नगद और 10 हजार उनके खातों में दिये जा रहे हैं। (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची टीम का किया विरोध

रुद्रपुर। शहर की भूतबंगला बस्ती में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची विद्युत विभाग की टीम को सोमवार को स्थानीय लोगों के तीव्र विरोध का सामना करना पड़ा। क्षेत्रवासियों ने स्मार्ट मीटर स्थापना का विरोध करते हुए नारेबाजी की और टीम को कार्य करने से रोक दिया। विरोध की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर स्मार्ट मीटर लगाए जाने की कार्रवाई का विरोध किया। बढ़ते विवाद को देखते हुए पुलिस को भी मौके पर पहुंचना पड़ा। जानकारी के अनुसार विद्युत विभाग की



टीम पुलिस बल के साथ भूतबंगला क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची थी। टीम के पहुंचते ही स्थानीय लोगों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। लोगों का आरोप था कि स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है और इससे बिजली बिलों में अनावश्यक वृद्धि होगी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए और विभागीय टीम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इसी दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद विभागीय अधिकारियों से बातचीत की। ठुकराल ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर स्मार्ट मीटर के नाम पर नया बोझ डालने का प्रयास किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं (शेष पृष्ठ सात पर)

# बदरीनाथ महिमा एवं श्री सत्यनारायण कथा में उमड़े श्रद्धालु

## बदरीनाथ धाम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने दिया सनातन एकता, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण का संदेश







बदरीनाथ(उद संवाददाता)। बद्रीनाथ धाम में बाबा बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने 21 दिनों की एकांत साधना के बाद पांच दिवसीय श्री सत्यनारायण कथा का शुभारंभ किया। श्री बदरीनाथ धाम में पिछले पांच दिनों से आयोजित बागेश्वर धाम सरकार की श्री बदरीनाथ महिमा एवं श्री सत्यनारायण कथा का रविवार को विधिवत समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन रिमझिम बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पहुंचे और आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के प्रवचनों का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। रविवार सुबह बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री खाक चौक स्थित आश्रम से बाबा योगेश्वर दास बालकनाथ महाराज के सानिध्य में कथा स्थल अराइवल प्लाजा पहुंचे। इस दौरान पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया, जबकि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हाथ जोड़कर सभी का अभिवादन स्वीकार करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कथा के अंतिम दिन अपने संबोधन में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धैर्य, संयम और सनातन संस्कृति के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए धैर्य सबसे बड़ा साधन है। "सब्र ही शबरी है" का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि धैर्य और विश्वास के बल पर व्यक्ति कठिन से कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है।उन्होंने उत्तराखंड चारधाम यात्रा और विशेष रूप से बदरीनाथ धाम की महत्ता का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं से तीर्थ स्थलों की पवित्रता, स्वच्छता और गरिमा बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदरीनाथ धाम केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक है। इसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी प्रत्येक श्रद्धालु की है।पांच दिवसीय कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं ने विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया तथा भगवान बदरीविशाल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर कथा स्थल पर भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा और जयकारों से पूरा बदरीनाथ धाम भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।धार्मिक आयोजन के सफल समापन के साथ धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन एकता, तीर्थ संरक्षण और आध्यात्मिक जागरण का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं से धर्म, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# पद्म भूषण से सम्मानित होने पर कोश्यारी को बधाई देने पहुंचे धामी

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के आवास पहुंचकर उन्हें भारत सरकार की ओर से देश के प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्म भूषण से सम्मानित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना न केवल उत्तराखण्ड बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके दशकों लंबे सार्वजनिक जीवन, राष्ट्रसेवा, सामाजिक सरोकारों तथा जनकल्याण के प्रति समर्पित योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर मिली स्वीकृति है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी ने अपने राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में सदैव जनसेवा, सादगी तथा राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन से लेकर राज्य के विकास और



राष्ट्र निर्माण की विभिन्न जिम्मेदारियों के निर्वहन में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि एक जनप्रतिनिधि, मुख्यमंत्री, सांसद, राज्यपाल और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कोश्यारी ने जो आदर्श स्थापित किए हैं, वे नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। धामी ने कहा कि भगत सिंह कोश्यारी का जीवन संघर्ष, सेवा और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त बनाने, सामाजिक चेतना को मजबूत करने और विकास के विभिन्न आयामों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका अनुभव, मार्गदर्शन और राष्ट्र के प्रति समर्पण समाज को निरंतर प्रेरित करता रहेगा।

# मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 68 लाभार्थियों को मिली आर्थिक सहायता

चंपावत (संवाददाता)। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के अंतर्गत स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि के चेक सोमवार को जिला सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 68 लाभार्थियों को वितरित किए गए। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्वयं लाभार्थियों को चेक प्रदान करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता जरूरतमंद लोगों तक सहायता योजनाओं का लाभ सरल, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। कार्यक्रम को संबोधित



करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लाभार्थियों को कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और स्वीकृत सहायता राशि उन्हें शीघ्र प्राप्त हो सके, इसी उद्देश्य से चेक सीधे उनके हाथों में सौंपे गए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष समाज के उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण सहारा है जो गंभीर बीमारी, आर्थिक संकट, आकस्मिक परिस्थितियों अथवा अन्य विशेष परिस्थितियों में सहायता के पात्र होते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि जनता मिलन कार्यक्रम, जन जन की सरकार अभियान तथा जन समर्पण पोर्टल के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों और आवेदनों का परीक्षण करने के बाद पात्र व्यक्तियों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों और नियमों के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है तथा भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों को इसी प्रकार सहायता दी जाती रहेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सहायता योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे। लाभार्थियों ने जिला प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और सरल प्रक्रिया की भी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान शेर सिंह, ईश्वर सिंह बिष्ट, मोहन चंद्र पांडेय, ऊषा जोशी, मिलाप सिंह, प्रकाश नाथ, प्रेम बल्लभ सहित अन्य लाभार्थियों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सीधे हाथों में सहायता राशि मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है और इससे उनकी तत्काल जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे की तैयारियां तेज

## प्रदेश प्रभारी शैलजा ने वरिष्ठ नेताओं के साथ किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण,कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिए दिशा निर्देश






देहरादून(उद संवाददाता)। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित दो दिवसीय उत्तराखंड दौरे की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत समीक्षा के लिए देहरादून प्रदेश कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, सह प्रभारी मनोज यादव एवं सुरेन्द्र शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष एवं चकराता विधायक प्रीतम सिंह, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, संगठन महामंत्री राजेन्द्र भंडारी, पूर्व कैबिनेट मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक के दौरान राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे को सफल, प्रभावी एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं, संगठनात्मक तैयारियों तथा जनसंपर्क कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों, जनभागीदारी बढ़ाने तथा आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।कांग्रेस नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा प्रदेश की राजनीति में नई ऊर्जा का संचार करेगा तथा पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।वहीं रविवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित उत्तराखंड दौरे को लेकर कांग्रेस संगठन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। आगामी 4 और 5 जून को होने वाले राहुल गांधी के दौरे की तैयारियों के तहत कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा रविवार को देहरादून पहुंचीं और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। देहरादून पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमारी सैलजा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने हरिद्वार बाईपास रोड स्थित नीरजा ग्रीन्स, आईएसबीटी के निकट कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, सह प्रभारी मनोज यादप, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल,वरिष्ठ कांग्रेस नेताहरक सिंह रावत, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम की तैयारियों, व्यवस्थाओं और रूपरेखा की विस्तृत समीक्षा की गई। नेताओं ने कार्यक्रम को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।बाद में आयोजित प्रेसवार्ता में कुमारी सैलजा ने कहा कि राहुल गांधी का उत्तराखंड दौरा राज्य में कांग्रेस के लिए चुनावी शंखनाद साबित होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर पूरी तरह एकजुट है और राहुल गांधी के दौरे के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की जाएगी।प्रदेश प्रभारी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि चारधाम यात्रा के लिए देश-विदेश से श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया जा रहा है, लेकिन व्यवस्थाओं के स्तर पर सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि यात्रा मार्गों पर अव्यवस्था और समस्याओं से श्रद्धालु परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जनता आगामी चुनावों में इसका जवाब देगी। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि राहुल गांधी का यह दौरा संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेगा और आगामी चुनावी रणनीति को मजबूती देगा।

# समर कैंप में विद्यार्थियों ने योग, नृत्य, रोबोटिक्स और कराटे सहित विभिन्न गतिविधियों में दिखाई प्रतिभा

रुद्रपुर (संवाददाता)। स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित समर कैंप का भव्य समापन समारोह उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। समारोह का शुभारम्भ विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक योग प्रदर्शन से हुआ। योगाभ्यास के माध्यम से बच्चों ने स्वास्थ्य, अनुशासन और एकाग्रता का संदेश दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने गायन, स्केटिंग, शास्त्रीय नृत्य, वेस्टर्न डांस, कराटे, रोबोटिक्स तथा बिना आग के भोजन बनाने जैसी गतिविधियों में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रस्तुतियों में बच्चों का आत्मविश्वास, रचनात्मकता और ऊर्जा देखने योग्य रही। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास से जुड़ी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप के माध्यम से बच्चों ने नई विधाओं को सीखने के साथ अपने कौशल और आत्मविश्वास का भी विकास किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेश सलूजा ने विद्यार्थियों के उत्साह और प्रशिक्षकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन ने समर कैंप को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कैंप के दौरान प्राप्त अनुभव और सीख को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने दैनिक जीवन में भी अपनाएं। उन्होंने कहा कि अनुशासन, टीम भावना, समय प्रबंधन, व्यवस्था प्रबंधन और आत्मविश्वास जैसे गुण जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की आधारशिला साबित होते हैं। समारोह का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना और उत्साहपूर्ण माहौल के साथ हुआ।



# साक्षी गुप्ता को मिला यूट्यूब सिल्वर प्ले बटन

किच्छा। शहर की प्रतिभाशाली बेटी साक्षी गुप्ता ने डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए यूट्यूब की ओर से सिल्वर प्ले बटन प्राप्त कर क्षेत्र एवं ऊधम सिंह नगर का नाम गौरवान्वित किया है। साक्षी गुप्ता के यूट्यूब चौनल साक्षी गुप्ता मेकअप स्टूडियो एण्ड एकेडमी पर वर्तमान में लगभग 2 लाख 31 हजार से अधिक सब्सक्राइबर हैं तथा चौनल पर 1 हजार से अधिक वीडियो अपलोड किए जा चुके हैं। अपनी मेहनत, रचनात्मकता एवं निरंतर प्रयासों के बल पर उन्होंने सोशल मीडिया



के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है। इस उपलब्धि पर साक्षी गुप्ता को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि आज हमारी बेटियाँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से युवा पीढ़ी नई पहचान बना रही है तथा समाज के लिए प्रेरणा बन रही है। साक्षी गुप्ता की यह सफलता किच्छा क्षेत्र की बेटियों एवं युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। ईश्वर से कामना है कि वे भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करें तथा प्रदेश एवं देश का नाम निरंतर रोशन करती रहें।

# हम सभी हैं एक ही सर्वशक्तिमान की संतान : हरि चैतन्यपुरी

बाजपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने आज यहाँ उपस्थित भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि परमात्मा एक ही है। उनके नाम उपासना पद्धतियां विभिन्न हो सकती हैं। हम सभी एक ही सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो जीव मात्र का परम सुहृदय हितैषी है। परमात्मा किसी से भी दूर नहीं है, लेकिन स्वार्थ के दलदल में फंसे इंसान की गति ऐसी है कि वह अपने भीतर स्थित परमात्मा को नहीं पहचान पा रहा है। सत्य को पहचानना,धर्म को पहचानना, दया को अपनाना, शांति मार्ग का चयन करना व क्षमादान में निपुणता ही परमात्मा का सत्य रूप है। सच्चा सुख आनंद व शांति एकमात्र परमात्मा व अध्यात्म की शरण में ही है। परमात्मा से प्रेम, समाज की सेवा व स्वयं की खोज करें। जो प्रभु समर्पित होकर अपने कर्तव्यों का पालन



करते हैं उनकी हर प्रकार से देखभाल व रक्षा स्वयं प्रभु करते हैं। लौकिक उन्नति बुरी नहीं, लेकिन प्रभु से विमुख उन्नति अवनति के समान ही है। जो आपस में लड़ना सिखाएं या हिंसा का संदेश दे वो धर्म नहीं हो सकता। धर्म जोड़ता है तोड़ता नहीं। लेकिन दुर्भाग्यवश आज लोग धर्म के नाम पर तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं जो शर्मनाक है। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया । सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया"व "लाठी वाले भैय्या" की जय जयकार से गूंज उठा। बाजपुर पधारने पर हरि भक्तों पर श्री महाराज जी का हार्दिक भव्य स्वागत किया तथा श्री महाराज जी का अग्रिम पावन जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया ।

# ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त, परिवार बाल-बाल बचा

दिनेशपुर। नेशनल हाईवे-74 पर रविवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से कार क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार एक बच्ची समेत तीन लोग बाल-बाल बच गए। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रुद्रपुर निवासी राकेश कुमार रविवार सुबह अपनी रेनॉल्ट कार से परिवार के साथ बाजपुर की ओर जा रहे थे। जब उनकी कार दिनेशपुर क्षेत्र के जाफरपुर मोड़ के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रक कार को घसीटते हुए काफी दूर तक ले गया। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर



कार सवारों की मदद की। गनीमत रही कि कार में सवार राकेश कुमार, उनके परिवार के सदस्य और एक बच्ची को कोई गंभीर चोट नहीं आई। हालांकि दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पीड़ित पक्ष ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य माध्यमों से फरार ट्रक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने तथा दुर्घटना संभावित स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और ट्रक चालक की तलाश के प्रयास जारी हैं। वहीं थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि मामला रुद्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत का है।

# ब्राह्मण सभा समिति के चुनाव पर उठाए सवाल

काशीपुर (उद संवाददाता)। ब्राह्मण सभा समिति, काशीपुर के त्रिवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के दावेदार रहे समाजसेवी एवं शिक्षक अमित कुमार शर्मा ने चुनाव प्रक्रिया पर कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए इसे पूरे समाज के साथ विश्वासघात करार दिया है। अमित शर्मा ने चुनाव की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए इसे एक सुनियोजित साजिश बताया है। उनका आरोप है कि पूरी चुनावी प्रक्रिया को एक घंटे से भी कम समय में आनन-फानन में निपटा दिया गया, जो पूरी तरह से असंवैधानिक और अव्यावहारिक है। अमित शर्मा ने कहा कि एक घंटे के भीतर मतदाता सूची का प्रकाशन, प्रत्याशियों का नामांकन, नामांकन वापसी, वैध उम्मीदवारों की घोषणा, मतदान, मतगणना और चुनाव परिणाम की घोषणा कर देना किसी भी दृष्टि से तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया पहले से तय थी और जानबूझकर समाज को अंधेरे में रखकर अंजाम दी गई है। अमित शर्मा ने ब्राह्मण सभा समिति के इस चुनाव को पूरी तरह अवैधानिक बताते हुए कहा कि वे इस मनमानी प्रक्रिया के खिलाफ रजिस्ट्रार सोसाइटीज चिट्स एवं फंड का दरवाजा खटखटाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने मामले में न्यायालय की शरण में जाकर न्याय की गुहार लगाने की बात कही है। उन्होंने समाज के लोगों से इस असंवैधानिक कृत्य के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है।

# शॉपर स्ट्रीट मॉल के बाहर से युवक की बाइक चोरी

रुद्रपुर (संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में शॉपर स्ट्रीट मॉल के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी तहरीर में विमल होम कॉलोनी, दक्ष चौराहा निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वह 29 मई की रात लगभग 8:40 बजे अपनी स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल संख्या यूके06एके9014 से शॉपर स्ट्रीट मॉल पहुंचे थे। बाइक को मॉल के सामने खड़ा कर वह एक जन्मदिन समारोह में शामिल होने चले गए। मुकेश कुमार के अनुसार जब वह रात करीब 11 बजे वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल वहां मौजूद नहीं थी। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत कर वाहन बरामद करने और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच के तहत घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी की पहचान कर बाइक बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

# 3 जून को सहकारी समिति अध्यक्ष एवं संचालकों का शपथ ग्रहण होगा

गदरपुर। सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई प्रकाश रानी कंबोज तथा नव निर्वाचित संचालक गणों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 3 जून को प्रातः 11 बजे सहकारी समिति परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय भट्ट सांसद नैनीताल-ऊधमसिंहनगर एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा शिव अरोड़ा रुद्रपुर विधायक तथा ज्योति ग्रोवर गदरपुर ब्लॉक प्रमुख भी समारोह में सहभागिता करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में क्षेत्र के सम्मानित किसान, सहकारी समिति से जुड़े सदस्य, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश कंबोज ने बताया कि अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई प्रकाश रानी कंबोज एवं समस्त संचालक गणों का विधिवत शपथ ग्रहण कराया जाएगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समिति सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों से समयानुसार कार्यक्रम में उपस्थित होकर नव निर्वाचित प्रतिनिधियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

# भाजपा नेता संजीव सिंह ने पत्रकारों को किया सम्मानित

किच्छा। हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी संजीव कुमार सिंह द्वारा एक भव्य पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित पत्रकारों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन करण सिंह द्वारा किया गया तथा अध्यक्षता डॉ. राहुल गंगवार ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं आयोजक संजीव कुमार सिंह रहे। इस अवसर पर उन्होंने सभी पत्रकारों को कलम एवं डायरी भेंट कर सम्मानित किया और कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, जिनकी निष्पक्ष एवं जिम्मेदार भूमिका समाज को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण होती है।कार्यक्रम में सर्वप्रथम अपने विचार रखने के लिए वरिष्ठ पत्रकार तन्हा जी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1826 में भारत का पहला हिंदी समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड प्रकाशित हुआ था, जो अंग्रेजी शासन के कठिन दौर में निकाला जाता था। इसी ऐतिहासिक उपलब्धि की स्मृति



में प्रतिवर्ष हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है।इसके उपरांत वरिष्ठ पत्रकार कैलाश पंडित ने पत्रकारिता में सत्यता एवं तथ्यपरकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी समाचार के प्रकाशन से पूर्व उसकी पूरी तरह से जांच एवं पुष्टि की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के ब्रेकिंग न्यूज के दौर में सबसे पहले समाचार प्रकाशित करने की होड़ के कारण कई बार अपुष्ट समाचार भी प्रसारित हो जाते हैं, जिससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता प्रभावित होती है।वरिष्ठ पत्रकार नाहिद खान ने पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकारों को किसी भी दबाव से मुक्त होकर निर्भीक एवं निष्पक्ष पत्रकारिता करनी चाहिए। उन्होंने पत्रकारिता के मूल मूल्यों को संरक्षित रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम में उपस्थित लगभग सभी पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किए। इनमें रंजीत मानकिया, मनीष सिडाना, शिव कुमार मित्तल, अहमद सलमान, नवल किशोर, वेद प्रकाश यादव, मोनिस मलिक, इंदर गंगवार, राज सक्सेना सहित अन्य पत्रकारों ने पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम के अंत में आयोजक संजीव कुमार सिंह ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया तथा समाज हित में सकारात्मक एवं जिम्मेदार पत्रकारिता को बढ़ावा देने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर धनंजय सिंह, कमलेश कुमार, अमित कुमार, आशुतोष मिश्रा, नवजोत सिंह, दीपेश दीक्षित, मुन्ना चौबे, सोनू प्रसाद सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मीरी पीरी अकैडमी के समर कैंप के समापन पर बच्चों को किया पुरस्कृत

गदरपुर । मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा में आयोजित किए गए 16 दिवसीय गुरमत समर कैंप के समापन पर प्रतिभागियों के अलावा आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रथम,द्वितीय व तृतीय रहे छात्र-छात्राओं को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मीरी पीरी खालसा अकैडमी रतनपुरा में आयोजित शिविर में गुरुमुखी पंजाबी अक्षर ज्ञान, शुद्ध एवं कंठ गुरबाणी पाठ, गुर इतिहास, सिख



धर्म के सिद्धांत,सिख रहित मर्यादा तथा गतका शस्त्र विद्या का प्रशिक्षण दिया गया। गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज, उत्तर प्रदेश में आयोजित किए गए समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम गुरबाणी पाठ एवं अरदास के साथ समर कैंप का समापन किया गया । इस दौरान मुख्य सेवादार वीर अनूप सिंह द्वारा सभी बच्चों को शुभकामनाओं के साथ उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# वाल्मीकि मंदिर के बाहर मांस के टुकड़े मिलने पर बढ़ा आक्रोश

रुद्रपुर (संवाददाता)। भूतबंगला क्षेत्र स्थित वाल्मीकि मंदिर के बाहर मांस के टुकड़े मिलने की घटना को लेकर रविवार को स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सूचना मिलने पर विधायक शिव अरोरा मौके पर पहुंचे और वाल्मीकि समाज के लोगों से बातचीत कर उनकी शिकायतें सुनीं। विधायक ने घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए पुलिस और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों के अनुसार बकरीद के दिन क्षेत्र में खुले स्थान पर कुर्बानी किए जाने को लेकर पहले भी विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अवशेषों को हटाया था। इसके बावजूद रविवार को एक बार फिर वाल्मीकि मंदिर के मुख्य द्वार के समीप मांस के टुकड़े और गंदगी मिलने की सूचना के बाद क्षेत्र में तनाव और आक्रोश का माहौल बन गया। मौके पर पहुंचे विधायक शिव अरोरा ने कहा कि वाल्मीकि मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र



है और उसके आसपास इस प्रकार की घटनाएं लोगों की धार्मिक भावनाओं को आहत करती हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी के द्वारा जानबूझकर ऐसा किया गया है तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली गतिविधियों को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। विधायक ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति से दूरभाष पर वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि घटना को गंभीरता से लिया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बना रहे। विधायक ने जिला विकास प्राधिकरण के सचिव पंकज उपाध्याय तथा नगर आयुक्त से भी दूरभाष पर वार्ता कर क्षेत्र में स्वच्छता एवं अतिक्रमण से जुड़े मुद्दों की जानकारी दी। उन्होंने संबंधित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। शिव अरोरा ने कहा कि किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने विश्वास जताया कि पुलिस प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करेगा तथा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखेगा। इस दौरान पार्षद गिरीश पाल, विक्की वाल्मीकि, पूर्व पार्षद कालीचरण, सुनील कुमार, जितेन्द्र संधू, प्रेम वाल्मीकि, विजेंद्र सागर, रोहित, बिट्टू, अजय, सुरेंद्र, रामवीर, सूरज सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।






# मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य का किया शिलान्यास

भीमताल (उद संवाददाता)। प्रदेश के केबिनेट मंत्री कैड़ा ने ईलाइजर से गरगड़ी मोटर मार्ग पर डामरीकरण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ओखलकांडा ब्लॉक के ईलाजर से गरगड़ी -कालाआगर मोटर मार्ग लम्बे समय से खराब था, जिस कारण ग्रामीणों को अवागमन में काफी परेशानियों का समना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया स्थानीय ग्रामीणों ने उनसे मोटर मार्ग पर डामरीकरण करने की मांग की। जनता की समस्याओं को देखते हुए उन्होंने तत्काल लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा था। शासन से मोटर मार्ग पर डामरीकरण व सुधारीकरण के लिए 78 लाख स्वीकृति करा कर मोटर मार्ग पर होने वाले डामरीकरण व सुधारीकरण कार्य का शिलान्यास कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉक के क्षतिग्रस्त मोटर मार्गो पर लगातार डामरीकरण करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही मंत्री कैड़ा ने क्षेत्र की जनता की समस्याओं को सुना। जनता ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़क आदि समस्याओं को मंत्री कैड़ा के सम्मुख रखा। मंत्री कैड़ा ने अधिकारियो को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओ का समाधान करने के निर्देश दिए। जिस पर ग्रामीणों ने मंत्री कैड़ा का आभार व्यक्त किया।







## Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

पंतनगर। सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत फैब फोर टेक्नोप्लास्ट, प्लॉट नंबर-8, सेक्टर-4, आईआईई सिडकुल पंतनगर में श्री राम आई केयर अस्पताल के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कर्मचारियों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों सहित 80 से अधिक लोगों ने भाग लेकर अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने प्रतिभागियों की आंखों का विस्तृत परीक्षण किया। जांच के दौरान कई लोगों में कमजोर दृष्टि तथा अन्य नेत्र संबंधी समस्याएं चिन्हित की गईं। चिकित्सकों ने संबंधित लोगों को आवश्यक परामर्श देने के साथ ही चश्मे, लेंस एवं आधुनिक उपचार संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई। इस अवसर पर कंपनी के निदेशक सौरभ अग्रवाल, नितिन गर्ग,



सचिन गोयल एवं नितेश जैन ने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में नियमित नेत्र परीक्षण कराना बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से समय-समय पर आंखों की जांच कराने और नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कंपनी प्रबंधन ने कहा कि कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर के सफल आयोजन में श्री राम आई केयर अस्पताल की चिकित्सकीय टीम, प्लांट हेड दया कृष्ण नगरकोटी, कंपनी के प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# न्याय परामर्श शिविर में दी कानूनी जानकारियां

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के अपने सतत प्रयासों के अंतर्गत अधिवक्ता परिषद, ऊधम सिंह नगर इकाई द्वारा रविवार को शिव शक्ति मंदिर, आवास विकास परिसर में एक निशुल्क न्याय परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने सहभागिता कर अपनी विभिन्न कानूनी समस्याओं पर अनुभवी अधिवक्ताओं से मार्गदर्शन प्राप्त किया। परिषद का मानना है कि न्याय केवल न्यायालयों तक सीमित न रहकर प्रत्येक नागरिक की पहुंच में होना चाहिए और इसी उद्देश्य से परिषद समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों का आयोजन करती है। शिविर में जिला न्यायालय ऊधम सिंह नगर के अनुभवी अधिवक्ताओं ने भूमि एवं संपत्ति विवाद, विद्युत एवं जल संस्थान, पारिवारिक एवं वैवाहिक विवाद, उत्तराधिकार संबंधी विषयों, श्रम एवं रोजगार कानून, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार तथा अन्य विविध कानूनी समस्याओं पर नागरिकों को नि:शुल्क परामर्श प्रदान किया। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद ऊधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता डी. डी. गुणवंत, महिला प्रमुख श्रीमती सुभाषनी द्विवेदी, जिला महामंत्री अधिवक्ता दुर्गेश मोहन शर्मा, उपाध्यक्ष कुमारी अनीता सक्सेना, उपाध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, मंत्री रेनू तिवारी एवं कोषाध्यक्ष अधिवक्ता विजय प्रजापति सहित अनेक अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि ष्न्याय केवल संपन्न और जागरूक वर्ग तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी हो तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे उचित कानूनी मार्गदर्शन सहज रूप से प्राप्त हो, इसी उद्देश्य से परिषद नियमित रूप से न्याय परामर्श शिविरों का आयोजन कर रही है।अधिवक्ता परिषद के कार्यकर्ता समाज जीवन में न्याय, सेवा और राष्ट्र निर्माण के मूल्यों को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। परिषद का विश्वास है कि जागरूक नागरिक ही सशक्त समाज और सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। इसी भावना के साथ भविष्य में भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे न्याय परामर्श शिविर आयोजित किए जाएंगे।कार्यक्रम की सफलता में वार्ड संख्या-38 के पार्षद राजेश जग्गा का विशेष सहयोग रहा, जिसके लिए परिषद ने उनका आभार व्यक्त किया।



# विधायक के हस्तक्षेप से मंडी के 150 व्यापारियों को मिली राहत

## बीस वर्षों से व्यापार कर रहे फल एवं सब्जी थोक विक्रेताओं की रोजी रोटी पर नहीं आएगा संकट





रुद्रपुर (संवाददाता)। बिगवाड़ा मंडी में वर्षों से फल एवं सब्जी का थोक कारोबार कर रहे करीब 150 छोटे व्यापारियों की रोजी रोटी पर मंडरा रहे संकट के बीच विधायक शिव अरोरा के हस्तक्षेप से व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। विधायक ने मंडी का दौरा कर व्यापारियों की समस्याएं सुनीं और मंडी परिषद के अधिकारियों से वार्ता कर उनकी आजीविका प्रभावित न होने का भरोसा दिलाया। बताया गया कि हाल ही में छोटे फल एवं सब्जी थोक विक्रेताओं ने अपनी रोजी रोटी पर संकट की आशंका जताते हुए विधायक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था और मदद की मांग की थी। इसके बाद विधायक शिव अरोरा रविवार सुबह बिगवाड़ा मंडी पहुंचे और पैदल भ्रमण कर वहां फड़ लगाकर व्यापार करने वाले लोगों से बातचीत की। व्यापारियों ने एक स्वर में कहा कि पिछले कई वर्षों से जिस व्यवस्था के तहत वे कारोबार कर रहे हैं, उसे यथावत रखा जाए। मौके पर विधायक शिव अरोरा ने मंडी परिषद के अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू से दूरभाष पर वार्ता कर कहा कि ये सभी छोटे व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा हैं और उनकी रोजी रोटी पर किसी प्रकार का संकट नहीं आना चाहिए। इस पर मंडी परिषद अध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त किया कि ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं लाया जाएगा जिससे इन व्यापारियों को हटाने या उनकी आजीविका प्रभावित होने की स्थिति उत्पन्न हो। विधायक ने मंडी सचिव विश्व विजय से भी दूरभाष पर बातचीत कर निर्देश दिए कि 150 से अधिक छोटे फल एवं सब्जी व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा उन्हें हटाने जैसी कोई कार्रवाई न की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गरीब और मेहनतकश लोगों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और उनकी आजीविका से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिए जाते हैं। मंडी सचिव विश्व विजय ने विधायक को बताया कि मंडी परिषद की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है, जिसमें वर्तमान व्यापारियों को हटाकर नीलामी के माध्यम से नए लोगों को बसाने की योजना हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी व्यापारी पूर्व की भांति अपना कारोबार जारी रख सकेंगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि बिगवाड़ा मंडी में अनेक व्यापारी पिछले करीब 20 वर्षों से टीन शेड के नीचे चबूतरों पर अपना व्यवसाय कर रहे हैं और उनके रहते किसी भी व्यापारी की रोजी रोटी पर आंच नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था यथावत जारी रहेगी तथा किसी नए आवंटन या बदलाव की कोई योजना नहीं है। विधायक के हस्तक्षेप और मंडी प्रशासन की ओर से मिले आश्वासन के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली। व्यापारियों ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, संदीप राव, मनोज मदान, आंशु मिड्ढा, यादराम कोली, मोर सिंह यादव, जितेन्द्र संधू, राजेश कामरा, रामअवतार, टीकाराम, मानव कक्कड़, कृष्णा, शिवकुमार, धर्मपाल, सोनू कबीर, मनोज, प्रिंस नारंग, सूरज सिंह, उज्ज्वल, परमजीत, रुस्तम सिंह, राज कोली सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

## युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास का विकास करते हैं खेल: राजेश शुक्ला



किच्छा (संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम चौंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले ऋषि मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने आवास पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाल ही में रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित उत्तराखंड राज्य स्तरीय वोविनाम चौंपियनशिप में नालंदा स्कूल, किच्छा में संचालित ऋषि मार्शल आर्ट एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और सात कांस्य पदक सहित कुल 11 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सम्मान समारोह में राजेश शुक्ला ने कहा कि वोविनाम वियतनाम की पारंपरिक मार्शल आर्ट है, जो आत्मरक्षा के साथ साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और मानसिक दृढ़ता विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऋषि मार्शल आर्ट एकेडमी का प्रयास सराहनीय है, जो क्षेत्र के बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़कर उन्हें सकारात्मक दिशा प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी देश और समाज की शान होते हैं तथा अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन से राष्ट्र का गौरव बढ़ाते हैं। खिलाड़ियों को बेहतर अवसर और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समाज और स्वयंसेवी संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। एकेडमी के कोच रुनू शर्मा ने बताया कि खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और नियमित अभ्यास के बल पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में स्थापित एकेडमी के खिलाड़ियों ने अल्प समय में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आने वाले समय में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर वोविनाम एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सिहान ऋषिपाल भारती, प्रदेश महासचिव विनोद लखेरा और प्रदेश कोषाध्यक्ष किशोर सिंह डांगी ने भी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मनीष तिवारी, योगेन्द्र यादव, मनोज यादव, बहादुर सिंह, मनीष पांडेय, अजय यादव, संतोष कुमार, प्रियंका, बेला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# पंतनगर में राज्यपाल का किया स्वागत

पंतनगर (संवाददाता)। उत्तराखण्ड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह रविवार को दिल्ली से पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति और मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।



राज्यपाल ने पंतनगर पहुंचने के बाद कुछ समय विश्राम किया और इसके उपरांत नैनीताल के लिए प्रस्थान किया। उनके आगमन को लेकर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तम सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, रेखा कोहली, तहसीलदार दिनेश कुटौला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सोहन लाल जी की स्मृति में किसान महासभा ने आयोजित की शोकसभा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने किसान महासभा के दिवंगत नेता सोहन लाल जी की स्मृति में शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी। दर्जनों लोगों ने 23 मई को के साथ 2024 से बागजाला बचाने के आंदोलनों में हमेशा साथ रहे। 84 वर्ष की आयु में भी उनके अंदर गरीब, पिछड़ी जनता को न्याय दिलाने की लड़ाई लड़ने का जज्बा किसी नौजवान से कम नहीं था। बीमारी के बाद उनकी करने की मांग उठाते रहते थे। श्रद्धांजलि सभा में अन्याय, उत्पीड़न, शोषण, अत्याचार, उजाड़ने के खिलाफ और जनता के अधिकारों के लिए किसान महासभा को मजबूत बनाकर जन संघर्षों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।



किसान महा सभा कमेटी ने दिवंगत सोहन लाल की जीवनसाथी लीला देवी व उनके परिजनों को सात्वना देते हुए उनको ढाढ़स बंधाया। श्रद्धांजलि सभा में वेदप्रकाश, चंद्र प्रकाश, हरिशचंद्र, चंदन सिंह मटियाली, हेमा देवी, मीना भट्ट, यासीन, विमला देवी, अब्दुल सईद, दौलत सिंह कुंजवाल, जमील खान, रेशमा, ललित मटियाली, नंदी देवी,शांति देवी, हीरा देवी, ललिता देवी, आनंद राम, प्रेम सिंह नयाल, कविता देवी, कौशल्या, उमा देवी, शुभ कुमार, दक्ष, शगुन टम्टा, दृष्टि, मंजू देवी, कलावती देवी, प्रगति प्रकाश, दीपिका, पूजा,महेश चंद्र, इरफान, हेमा, महेंद्र, मंजू देवी सहित कई ग्रामवासी मौजूद थे।

दिवंगत हुए सोहन लाल जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद नेगी ने दिवंगत सोहन लाल को याद करते हुए कहा कि कुछ वर्षों से भाजपा सरकार की बागजाला व अन्य कच्ची बसासतों को उजाड़ने की भाजपा सरकार की नीति के खिलाफ अखिल भारतीय किसान महासभा के आंदोलन से वे जुड़े और पूरी तत्परता मृत्यु से बागजाला वासियों ने न्याय दिलाने के लिए लड़ाई लडने वाला एक शख्स खो दिया है। उनका जाना किसान महासभा और बागजाला वासियों के लिए बड़ा नुकसान है। वरिष्ठ नेता गणेश राम ने कहा कि स्व. सोहन लाल शुरुआत से ही बागजाला वासियों की समस्याओं को लेकर मुखर थे। वे शासनख्रप्रशासन के समक्ष विभिन्न माध्यमों से समस्याओं को हल



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकवाद के खिलाफ साझेदारी

हाल ही में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो की भारत और पाकिस्तान को लेकर की गई टिप्पणियों ने भारतीय रणनीतिक हलकों में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। एक ओर भारत यात्रा के दौरान उन्होंने स्वीकार किया कि भारत लगातार पाकिस्तान की धरती से संचालित आतंकवादी संगठनों को लेकर चिंता जताता रहा है, वहीं दूसरी ओर वाशिंगटन में पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात के बाद उन्होंने पाकिस्तान की "आतंकवाद के खिलाफ साझेदारी और "क्षेत्रीय स्थिरता में भूमिका की सराहना की।यह विरोधाभास केवल एक कूटनीतिक बयान नहीं है, बल्कि भारत-अमेरिका संबंधों की वास्तविकता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। क्या अमेरिका वास्तव में भारत के सुरक्षा हितों को समझता है, या उसकी विदेश नीति केवल सामरिक लाभ और बदलते वैश्विक समीकरणों पर आधारित है?भारत वर्षों से यह आरोप लगाता रहा है कि पाकिस्तान की धरती का इस्तेमाल भारत विरोधी आतंकवादी गतिविधियों के लिए किया जाता है। भारत ने कई अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अन्य आतंकी संगठनों के खिलाफ सबूत पेश किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने भी अतीत में कई बार माना कि पाकिस्तान में ऐसे तत्व मौजूद हैं जो आतंकवाद को समर्थन देते हैं। हाल ही में नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए रुबियो ने कहा कि भारत की मुख्य चिंता पाकिस्तान की धरती से संचालित आतंकी समूहों को लेकर है।लेकिन कुछ ही दिनों बाद वाशिंगटन में पाकिस्तान के साथ बैठक के दौरान वही अमेरिकी प्रशासन पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी भूमिका की सराहना करता हुआ दिखाई दिया। अमेरिकी और पाकिस्तानी अधिकारियों की बातचीत में आतंकवाद विरोधी सहयोग को प्रमुख मुद्दे के रूप में प्रस्तुत किया गया।यही वह बिंदु है जहां भारत में अविश्वास की भावना पैदा होती है। भारतीय दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाकिस्तान लंबे समय से "अच्छे आतंकवादी और "बुरे आतंकवादी की नीति अपनाता रहा है। जो संगठन पाकिस्तान के भीतर हमला करते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाती है, लेकिन भारत विरोधी आतंकी ढांचे पर अक्सर ढीला रवैया देखा गया है। भारत के लिए यह केवल सीमा विवाद का मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा का प्रश्न है।अमेरिका की नीति को समझने के लिए उसके वैश्विक रणनीतिक हितों को देखना जरूरी है। शीत युद्ध के दौर से ही पाकिस्तान अमेरिका के लिए सामरिक रूप से महत्वपूर्ण रहा है। अफगानिस्तान युद्ध, मध्य एशिया तक पहुंच, चीन को संतुलित करने की रणनीति और अब पश्चिम एशिया में बदलते हालात-इन सभी कारणों से अमेरिका पाकिस्तान के साथ अपने संबंध पूरी तरह समाप्त नहीं करना चाहता। हालिया घटनाओं में पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में मध्यस्थ की भूमिका निभाने की कोशिश की है। रूबियो और इशाक डार की बैठक भी इसी व्यापक क्षेत्रीय संदर्भ में हुई थी। अमेरिका के लिए इस समय पश्चिम एशिया में तनाव कम करना प्राथमिकता है और पाकिस्तान उस रणनीति में उपयोगी साझेदार के रूप में देखा जा रहा है।

# कानून व्यवस्था पर सख्त हुए डीएम नितिन भदौरिया

## अतिक्रमण, धर्मांतरण और महिला अपराध पर नहीं होगी कोई ढिलाई

रुद्रपुर। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने भूमि अतिक्रमण, धर्मांतरण और महिला अपराध जैसे संवेदनशील मामलों को लेकर प्रशासन और पुलिस को सख्त एवं सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को पूरी मुस्तैदी और कड़ाई के साथ कार्य करना होगा, ताकि अपराधियों में कानून का भय बना रहे और आम जनता को सुरक्षित वातावरण मिल सके। सोमवार को जिला सभागार में आयोजित मासिक स्टाफ बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने राजस्व, कानून व्यवस्था, अभियोजन, परिवहन, आबकारी, खाद्य सुरक्षा और जन शिकायतों से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा की। उन्होंने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को नियमित रूप से न्यायालय संचालित कर लंबित राजस्व वादों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि बकायेदारों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए तथा प्रत्येक तहसील में शीर्ष 10 बड़े बकायेदारों की सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग को अपराधों की रोकथाम के लिए और अधिक सक्रियता से कार्य करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को जनपद में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अभियोजन पक्ष की पैरवी प्रभावी और मजबूत होनी चाहिए ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। पॉक्सो मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जिन मामलों में विवेचना के दौरान कमियां सामने आई हैं, उनकी



चेकलिस्ट तैयार कर भविष्य की जांच में उन त्रुटियों को दोहराने से बचा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस और अभियोजन विभाग के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए, ताकि किसी तकनीकी या प्रक्रियागत कमी के कारण अपराधी न्यायालय से दोषमुक्त न हो सकें। उप जिलाधिकारियों को मजिस्ट्रियल जांच समयबद्ध ढंग से पूरी करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग को अवैध शराब और कच्ची शराब के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए नियमित छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं एआरटीओ को ओवरलोड वाहनों और राष्ट्रीय राजमार्ग की सर्विस लेन में अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की नियमित सैंपलिंग की जाए, ताकि आम जनता को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। साथ ही खाद्य कारोबारियों और उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने को भी कहा। जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन, सीएम जन समर्पण पोर्टल, आयोगों से प्राप्त संदर्भ, रिट याचिकाएं, ऑडिट आपत्तियां और पेंशन प्रकरणों की रिपोर्ट समय सीमा के भीतर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा शिकायतकर्ताओं से स्वयं संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपराध जितेंद्र चौधरी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय एवं कौस्तुभ मिश्र, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ऋचा सिंह, तुषार सैनी, गौरव पाण्डेय, संयुक्त निदेशक अभियोजन डी. एस. जंगपांगी, डीजीसी मनोज कुमार तिवारी, एआरटीओ मोहित कोठारी, जिला पूर्ति अधिकारी विनोद चन्द्र तिवारी, अभिहित अधिकारी एल.एम. पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। अन्य उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक से जुड़े।

# राजस्थान के प्रदेश महामंत्री संगठन बने अजेय कुमार

नई दिल्ली/देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने संगठनात्मक नियुक्तियों के तहत वरिष्ठ संगठनकर्ता अजेय कुमार को राजस्थान भाजपा का प्रदेश महामंत्री (संगठन) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। इस संबंध में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा सोमवार को आधिकारिक नियुक्ति पत्र जारी किया गया। आदेश के अनुसार अजेय कुमार को राजस्थान प्रदेश भाजपा में संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अजय कुमार की नियुक्ति का स्वागत करते हुए विश्वास जताया है कि उनके नेतृत्व में राजस्थान में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा पार्टी का जनाधार और विस्तार होगा।

# नानकमत्ता नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

नानकमत्ता। नगर पंचायत नानकमत्ता की बोर्ड बैठक नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र के विकास, सफाई व्यवस्था, सड़क एवं नाली निर्माण समेत विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सभासदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखे। बैठक में नगर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। सभासदों ने नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण तथा नालियों की सफाई व्यवस्था में सुधार के सुझाव दिए। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण, सीसी रोड एवं नालियों के निर्माण सहित अन्य सुविधाओं के विकास से संबंधित प्रस्ताव भी प्रस्तुत किए गए। चर्चा के उपरांत सड़क, नाली निर्माण, सफाई व्यवस्था में सुधार तथा नगर क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़े कई प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी राकेश कोटिया, सभासद गौरव वर्मा, विशाल गोयल, सुरंजन राय, नकुल भट्ट आदि उपस्थित रहे।



# वर्षा के बाद जनपद के अधिकांश मार्ग हुए सुचारु

चंपावत (संवाददाता)। जनपद में विगत दिनों हुई भारी वर्षा के बाद प्रभावित यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से त्वरित कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर विभिन्न विभागों और कार्यदायी संस्थाओं ने युद्धस्तर पर अभियान चलाकर अधिकांश बाधित मार्गों को यातायात के लिए सुचारु कर दिया है। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार वर्षा के कारण कई स्थानों पर सड़क मार्गों पर मलबा और बोल्डर आने से आवागमन प्रभावित हुआ था। जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद संबंधित विभागों की तकनीकी टीमों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बहाली कार्य शुरू किया। परिणाम स्वरूप स्वाला सहित जनपद के लगभग सभी प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग और संपर्क मार्ग अब हल्के एवं भारी वाहनों के आवागमन के लिए सुरक्षित और सुचारु हैं। हालांकि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लोहाघाट क्षेत्र की गल्लागांव-देवलीमाफी सड़क डोबाभागू के समीप मलबा आने के कारण अस्थायी रूप से बाधित हुई है। इस मार्ग को शीघ्र बहाल करने के लिए संबंधित विभाग की ओर से जेसीबी मशीनों और श्रमिकों को तैनात कर मलबा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। विभागीय अभियंताओं के अनुसार मार्ग बहाली का कार्य अंतिम चरण में है और जल्द ही इस सड़क पर भी यातायात सामान्य कर दिया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि वर्षा के मौसम को देखते हुए संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने संबंधित अधिकारियों को सभी मार्गों की नियमित निगरानी करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन आपदा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से पूरे जनपद की स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है, ताकि स्थानीय लोगों और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।




# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कृषि भूमि खरीदने का आरोप, कार्रवाई की मांग

रुद्रपुर (संवाददाता)। सामाजिक कार्यकर्ता मनीष बावा ने जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भेजकर एक व्यक्ति पर कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कृषि भूमि खरीदने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन में मनीष बावा ने आरोप लगाया है कि खेड़ा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम कोलड़ा, तहसील रुद्रपुर स्थित कृषि भूमि की खरीद के दौरान स्वयं को वर्ष 2003 से पूर्व का कृषक दर्शाते हुए भूमि का बैनामा कराया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कृषि भूमि खरीदने के लिए खरीदार का वर्ष 2003 से पूर्व का कृषक होना अथवा उसके परिवार के नाम कृषि भूमि दर्ज होना आवश्यक है। मनीष बावा का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति ने भूमि क्रय के समय जिन अभिलेखों का आधार प्रस्तुत किया, उनमें दर्ज भूमि वास्तविक रूप से उसके नाम पर नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि भूमि से संबंधित खाता संख्या एवं खतौनी के विवरणों का परीक्षण करने पर दस्तावेजों में दर्शाई गई जानकारी और वास्तविक राजस्व अभिलेखों में अंतर सामने आता है। उन्होंने दावा किया कि कथित तौर पर कूटरचित और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर राज्य सरकार तथा राजस्व विभाग को गुमराह कर कृषि भूमि का क्रय-विक्रय किया गया है, जो गंभीर अनियमितता और जांच का विषय है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित भूमि का बैनामा फरवरी 2024 में उपनिबंधक कार्यालय रुद्रपुर में पंजीकृत हुआ था। मनीष बावा ने प्रशासन से पूरे प्रकरण की राजस्व एवं पुलिस स्तर पर विस्तृत जांच कराने, अभिलेखों का सत्यापन करने तथा यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना और अन्य प्रासंगिक धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि यदि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कृषि भूमि की खरीद की गई है तो यह न केवल राजस्व नियमों का उल्लंघन है, बल्कि राज्य सरकार को गुमराह करने का भी मामला है। उन्होंने प्रशासन से मामले में शीघ्र कार्रवाई कर दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की है।

# बाधित पूर्णागिरि यात्रा मार्ग वाहनों का आवागमन सुचारू

चंपावत (संवाददाता)। टनकपुर क्षेत्र में लगातार हो रही वर्षा के कारण माँ पूर्णागिरि यात्रा मार्ग के बाटनागाड़ क्षेत्र में अचानक अवरोध उत्पन्न हो गया, जिससे श्रद्धालुओं और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मनीष कुमार ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद लोक निर्माण विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और युद्धस्तर पर मार्ग को सुचारू करने का कार्य शुरू किया। विभागीय अधिकारियों की निगरानी में अवरोध को हटाने के लिए आवश्यक मशीनरी और संसाधनों का उपयोग किया गया। लोक निर्माण विभाग चंपावत के सहायक अभियंता ने बताया कि बाटनागाड़ क्षेत्र में उत्पन्न हुई बाधा को दूर कर दिया गया है और माँ पूर्णागिरि मुख्य मोटर मार्ग को श्रद्धालुओं एवं वाहनों के आवागमन के लिए पूरी तरह से खोल दिया गया है। वर्तमान में मार्ग पर यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है तथा श्रद्धालु सुरक्षित रूप से यात्रा कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन की ओर से कहा गया है कि वर्षा के मौसम को देखते हुए संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



# वाटर कूलर में उतरे करंट से चिपका मासूम, युवक की सूझबूझ से बची जान

दिनेशपुर। नगर पंचायत की लापरवाही सोमवार को एक बड़े हादसे का कारण बनते-बनते रह गई। वार्ड नंबर-5 स्थित तह बाजार क्षेत्र में नगर पंचायत की ओर से लगाए गए वाटर कूलर में करंट उतरने से सात वर्षीय बालक उसकी चपेट में आ गया। मौके पर मौजूद एक युवक की सूझबूझ से बच्चे की जान बच गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों में नगर पंचायत के प्रति नाराजगी देखने को मिली। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर-5 के तह बाजार क्षेत्र में लगा सार्वजनिक वाटर कूलर पिछले कई दिनों से अर्थिंग की समस्या के कारण करंट छोड़ रहा था। स्थानीय लोगों का आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार नगर पंचायत को सूचना दी थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया। इसके चलते क्षेत्र के लोगों में पहले से ही चिंता बनी हुई थी।सोमवार को दिनेशपुर निवासी व्यापारी नरेंद्र राय का सात वर्षीय भतीजा



प्यास लगने पर नंगे पैर वाटर कूलर से पानी पीने पहुंचा। जैसे ही उसने कूलर को छुआ, वह करंट की चपेट में आकर उससे चिपक गया। बच्चे को करंट लगते देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। कोई भी तत्काल उसे छुड़ाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। इसी दौरान वार्ड नंबर-5 निवासी युवा शिव चक्रवर्ती ने सूझबूझ का परिचय देते हुए डंडे की सहायता से बच्चे को वाटर कूलर से अलग किया। इसके बाद मासूम को सुरक्षित बाहर निकाला गया। समय रहते राहत मिलने से बच्चे की जान बच गई। घटना के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नगर पंचायत समय रहते शिकायत पर संज्ञान लेकर वाटर कूलर की जांच और मरम्मत करा देती तो यह स्थिति पैदा नहीं होती। लोगों ने सार्वजनिक स्थानों पर लगे विद्युत उपकरणों की नियमित जांच कराने की मांग की है।उधर, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मुहम्मद यामीन ने बताया कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं थी। मामला संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि संबंधित वाटर कूलर की तत्काल जांच कराकर करंट की समस्या को जल्द दूर कराया जाएगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना दोबारा न हो।

## काशीपुर से देहरादून एसी बस चलाने की मांग

काशीपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलकार सिंह ने उत्तराखंड परिवहन निगम के सहायक महाप्रबन्धक को पत्र सौंपकर काशीपुर से देहरादून के लिए एक वातानुकूलित रोडवेज बस का संचालन किये जाने की मांग की है। पत्र में उन्होंने मांग करते हुए कहा कि क्षेत्र की जनता की सशक्त मांग पर काशीपुर से देहरादून के लिए एक वातानुकूलित रोडवेज बस की अत्यधिक मांग है कि उक्त बस का संचालन जन हित में किया जाना अति आवश्यक है।






# लापता युवक का शव बैगुल नदी किनारे पेड़ से लटका मिला

शक्तिफार्म। तीन दिन से लापता चल रहे एक युवक का शव बैगुल नदी किनारे पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार निर्मल नगर निवासी हर्षित साना (25) बीते बृहस्पतिवार को घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की तथा रिश्तेदारों और परिचितों से भी संपर्क किया, मगर उसका कोई सुराग नहीं लग सका। शनिवार को पशु चराने गए एक ग्रामीण ने सिडकुल फेस-दो क्षेत्र में बैगुल नदी किनारे एक युवक का शव पेड़ से लटका देखा। ग्रामीण ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की तो शव की



पहचान हर्षित साना के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों के अनुसार हर्षित का विवाह करीब चार माह पूर्व ही हुआ था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था और सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत था। उसके पिता हरेंद्र साना गांव में दुकान चलाते हैं। इकलौते बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता समेत सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

# बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति का प्रादेशिक अधिवेशन सम्पन्न

शक्तिफार्म। बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति का प्रादेशिक वार्षिक अधिवेशन रविवार को शक्तिफार्म स्थित बंग भवन में आयोजित किया गया। अधिवेशन का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिनिधियों एवं वक्ताओं ने बंगाली समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। अधिवेशन में वक्ताओं ने बंगाली समाज को आरक्षण देने तथा बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के विद्यालयों में बांग्ला भाषा लागू करने की मांग जोर-शोर से उठाई। साथ ही समाज के युवाओं को नशे से दूर रखने, करियर काउंसलिंग को बढ़ावा देने तथा सामाजिक उत्थान के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बांग्ला संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। बंगाली कल्याण समिति के साथ




समन्वय स्थापित कर समाज के विकास एवं उत्थान की दिशा में संयुक्त रूप से कार्य करने की बात भी कही गई। इस दौरान शक्तिफार्म, दिनेशपुर और रुद्रपुर इकाई द्वारा वर्षभर में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले बंगाली समाज के चार युवाओं को समिति की ओर से सम्मानित भी किया गया। अधिवेशन में समिति के प्रदेश अध्यक्ष रवि सरकार, महामंत्री सुपद मंडल, पूर्व अध्यक्ष रोहिताश मल्लिक, निर्मल सरकार, पंकज राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष सव्यसाची हालदार, नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित सादनन्द विश्वास,सुशांत डाकुआ, सुनील विश्वास,संजय बाछाड़, देबू मण्डल,केपी मण्डल, पंचानन मंडल, दीपा मंडल, निर्मला सेन, रुपा, बिप्लव आचार्य, राम आचार्य, अमल मंडल, सुसैन हालदार एवं सुष्मिता सरकार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन मौर्य अकैडमी में 6 जून को,नामांकन 5 जून तक

गदरपुर। मौर्य अकैडमी गदरपुर द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, अपने ज्ञान को परखो, और आकर्षक पुरस्कार जीतो, कार्यक्रम का आयोजन 6 जून को सायं काल 4:00 बजे मौर्य अकैडमी अमरपुरी, तहसील गदरपुर,जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए मौर्य अकैडमी के डायरेक्टर आनंद कुमार ने बताया कि मौर्य अकैडमी द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करके बच्चों का ज्ञान परखा जाएगा।उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित की गई प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार₹100,द्वितीय पुरस्कार 500, एवं तृतीय पुरस्कार 251 दिए जाने के साथ क्रिकेट कोचिंग और कंप्यूटर कोर्स में 50% की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया टॉप 20 प्रतिभागी बच्चों को क्रिकेट कोचिंग में 30% और कंप्यूटर कोर्स में 30% की छूट दी जाएगी। टॉप 30 प्रतिभागियों को 20% क्रिकेट कोचिंग और 20% कंप्यूटर कोर्स में छूट दी जाएगी। वहीं सभी प्रतिभागियों को कंप्यूटर और क्रिकेट प्रशिक्षण में 10% की छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 6 जून 2026 शनिवार को आयोजित होने वाली प्रतियोगिता निशुल्क होगी। नामांकन की अंतिम तिथि 5 जून 2026 है उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नामांकन हेतु 5 जून तक मौर्य एकेडमी गूलरभोज रोड गदरपुर में संपर्क करने की अपील की गई है। अधिक जानकारी के लिए 9904732690 , 8077449751 पर संपर्क करें।

## पेज एक का शेष...

**श्रद्धालुओं से भरी दो बसें...**पत्नी भंवर सिंह निवासी नागौर, राजस्थान को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का उपचार जारी है। कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। उपजिलाधिकारी योगेश मेहरा ने बताया कि आपदा परिचालन केंद्र से सूचना मिलते ही प्रशासनिक टीम को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने बताया कि बस में कुल 45 यात्री सवार थे, जिनमें 26 लोग घायल हुए हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच कराई जा रही है। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस को हटाकर यातायात सुचारु करा दिया गया है। प्रारंभिक जांच में बस को पीछे करते समय चालक का संतुलन बिगड़ने की बात सामने आई है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

**भाई के घर आयी ...**बाद ससुरालियों द्वारा अपनी मांग को लेकर काजल का उत्पीड़न किया जाने लगा। आरोप है उसके साथ मारपीट की जाती थी और कई धमकियां दी जाती थीं। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व काजल की सास उसे गंगापुर रोड़ वसुंधरा कालोनी निवासी उसके भाई पवन के घर छोड़ गई। जहां काजल ने भाई को सारी आप बीती बताई। तब से काजल हमेशा मानसिक तनाव में रहती थी। रविवार की रात्रि काजल की हालत अचानक तेजी से बिगड़ गई। भाई पवन ने उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी आ पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतका काजल का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाऊस भिजवाया और मृतका के नवविवाहिता होने के कारण इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। आज मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में मृतका का पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराया गया। मृतका काजल द्वारा किसी विषाक्त पदार्थ के सेवन कर लेने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भाई पवन ने बताया कि काजल की मौत के बाद उसके पति का एक करीबी रिश्तेदार उसके घर आ धमका और कोई भी कार्रवाई करने पर तमंचा दिखाकर धमकी देने लगा। इतना ही नहीं वह पुन: पोस्टमार्टम हाऊस आकर धमकी देकर गया है। मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मामले की जानकारी ली और परिवार को ढांढस बंधाया।

**कांवड़ यात्री को ...**रहा था। देर रात होने पर कांवड़ियों का दल हाईवे किनारे विश्राम के लिए रुका हुआ था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान हाईवे के ऊपर बने पुल पर मौजूद कुछ युवकों और कांवड़ियों के बीच कहासुनी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुल पर मौजूद युवक शोर-शराबा कर रहे थे, जिस पर कांवड़ियों ने उन्हें शांत रहने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ समय बाद उक्त युवक पुल से नीचे उतरकर कांवड़ियों के पास पहुंचे और विवाद बढ़ गया। इसी दौरान एक युवक ने अजय पर गोली चला दी। गोली उसके कंधे में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे ऋषिकेश स्थित एम्स रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार अजय जिस दल के साथ यात्रा कर रहा था, वह गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर 221 लीटर गंगाजल की विशेष कांवड़ लेकर हरिद्वार से ग्रेटर नोएडा जा रहा था। दल में करीब दस सदस्य शामिल बताए गए हैं और उन्हें लगभग 240 किलोमीटर की पैदल यात्रा पूरी करनी थी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हालांकि जल्दबाजी में वे अपनी एक बुलेट मोटरसाइकिल घटनास्थल पर ही छोड़ गए, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और आरोपियों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी नगर शिशुपाल सिंह नेगी, कनखल कोतवाली प्रभारी देवेंद्र सिंह रावत तथा वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुज सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधिकारियों ने कांवड़ियों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई तथा क्षेत्र में नाकाबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनुज सिंह ने बताया कि घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार कार्रवाई कर रही हैं।

**केदारनाथ मार्ग पर ...**शामिल थे। रविवार को कंडीखाल और चंबा के बीच खेतधार मोड़ के पास अचानक बस अनियंत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि बस पहले सड़क किनारे खड़े एक पिकअप वाहन से टकराई और उसके बाद सड़क पर पलट गई। दुर्घटना चंबा मार्ग पर कंडीखाल से लगभग तीन किलोमीटर आगे जौलांगी क्षेत्र के समीप हुई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलते ही कंडीखाल पुलिस चौकी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। हादसे में घायल पांच यात्रियों का उपचार चल रहा है। राहत की बात यह रही कि दुर्घटना में किसी यात्री की जान नहीं गई और समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। कंडीखाल पुलिस चौकी प्रभारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि बस गंगोत्री से केदारनाथ जा रही थी और खेतधार मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। घटना की सूचना पर राजस्व विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। प्रशासन ने दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर वाहन के अनियंत्रित होने को हादसे की वजह माना जा रहा है।

**स्मार्ट मीटर लगाने...**किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार और विद्युत विभाग को पहले जनता की आशंकाओं का समाधान करना चाहिए। यदि स्मार्ट मीटर वास्तव में जनता के हित में हैं तो उसकी पूरी जानकारी और पारदर्शिता लोगों के सामने रखी जानी चाहिए। बिना सहमति और जागरूकता के जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जाना उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि गरीबों के हितों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का पुरजोर विरोध किया जाएगा और क्षेत्र में जबरन स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिए जाएंगे। विरोध के दौरान लोगों ने स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और टीम को घेर लिया। स्थिति तनावपूर्ण होती देख पुलिस ने हस्तक्षेप कर लोगों को शांत कराया। इस दौरान पप्पू कोली, रिंकू श्रीवास्तव, हरे राम, गीता देवी, पुष्पा राहुल, दिनेश, राकेश, अफजल, सुनीता, राकेश कुमार, अर्जुन मीणा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**उत्पीड़न के खिलाफ...**इतना ही नहीं उन्हें कभी भी कोई छुट्टी नहीं दी जाती है। यदि किसी आवश्यक कार्य या बीमार होने काम पर नहीं आते हैं तो उनके वेतन में पैसा काट लिया जाता है। कर्मियों का यह भी आरोप है कि उन्हें कभी भी समय से वेतन नहीं दिया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रबंधन अपनी मर्जी से किसी न किसी मद को बताकर उनके वेतन में कटौती कर देता है। जिससे कर्मियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा यदि उनकी मांगों का न्यायोचित समाधान नहीं किया गया तो वह आन्दोलन तेज करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेवारी फैक्ट्री प्रबंधन की होगी। समाचार लिखे जाने तक वार्ता जारी थी। इस दौरान रामअनुज यादव, विनोद यादव, मसूद खान, सच्चिदादन्द यादव, मुकेश आदि मौजूद थे।

**दो प्राचीन मंदिरों से ...**भगवान के नाग देवता, तांबे का लोटा तथा अन्य पूजा सामग्री चोरी कर ली गई। मंदिर के सेवक राजेश शर्मा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से मंदिर में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। इससे पूर्व भी चोर मंदिर से तांबे का लोटा और भगवान हनुमान की गदा चोरी कर ले गए थे। उन्होंने बताया कि मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर एक संदिग्ध व्यक्ति माता मंदिर के पीछे से बाउंड्री फांदकर परिसर में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है। फुटेज में वह मंदिर से नाग देवता, कलश और तांबे का लोटा लेकर जाता भी नजर आ रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम दोनों मंदिरों में पहुंची और घटनास्थलों का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी जुटाई है। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गए सामान की बरामदगी की जाएगी। लगातार मंदिरों को निशाना बनाए जाने की घटनाओं से स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। लोगों ने पुलिस से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और मंदिरों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

**स्टेयरिंग फेल होने से ...**जीडी विक्रम, एसडीआरएफ के उपनिरीक्षक सुनील चंद तथा पुलिस के उपनिरीक्षक नीरज चौहान के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान अत्यंत दुर्गम खाई से दोनों शवों को बाहर निकालकर मुख्य सड़क तक पहुंचाया गया। इसके बाद 108 एंबुलेंस की सहायता से शवों को मुनस्यारी अस्पताल भेजा गया। रेस्क्यू अभियान रात करीब ढाई बजे पूरा हुआ, जबकि सुबह चार बजे शवों को तहसील मुख्यालय मुनस्यारी पहुंचाया गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नेपाल निवासी मृतक प्रकाश के परिजनों के पहुंचने के बाद उसके शव से संबंधित आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण वाहन का स्टेयरिंग फेल होना बताया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।






संस्थापक- स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण में दिखी 'स्वस्थ उत्तराखंड' की झलक

## सूबे में बेहतर हुई मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, लेकिन स्तनपान एवं कुपोषण के क्षेत्र में चुनौतियां बरकरार

-अर्श-

देहरादून। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की ताजा रिपोर्ट में स्वास्थ्य उत्तराखंड की झलक सामने आई है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण और गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच जैसे संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। जबकि, कुछ मामलों में अभी चुनौतीपूर्ण हालात बने हुए हैं। हालांकि, ज्यादातर मामलों में साल 2019-21 के आंकड़ों की तुलना में सुध ारात्मक बदलाव देखा गया है। देखा जाए तो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के ताजा आंकड़े उत्तराखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र की मिश्रित तस्वीर पेश करते हैं। आंकड़ों की तुलना से स्पष्ट है कि राज्य ने स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक बढ़ाने में सफलता हासिल की है, लेकिन पोषण और बाल देखभाल के कुछ क्षेत्रों में अभी और प्रयासों की जरूरत है।उत्तराखंड में गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की स्थिति पहले से बेहतर हुई है। सर्वेक्षण के अनुसार गर्भावस्था के पहले तीन महीनों में प्रसवपूर्व जांच कराने वाली महिलाओं का प्रतिशत 68.8 से बढ़कर 80.6 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह कम से कम चार बार प्रसवपूर्व जांच कराने वाली महिलाओं का अनुपात 61.8 प्रतिशत से बढ़कर 68.3 प्रतिशत पहुंच गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की ओर से आयरन-फोलिक एसिड 180 दिनों या उससे अधिक अवधि तक खुराक लेने का प्रतिशत 25 प्रतिशत से बढ़कर 25.4 प्रतिशत हुआ है। हालांकि, इसमें वृद्धि बहुत सीमित रही है। वहीं, 100 दिन या उससे अधिक समय तक आयरन-फोलिक एसिड सेवन करने वाली महिलाओं का प्रतिशत 46।5 से घटकर 43.3 प्रतिशत हो गया है, जो चिंता का विषय माना जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार मां और बच्चे की सुरक्षा से जुड़े एमसीपी प्राप्त करने वाली पंजीकृत गर्भवतियों का प्रतिशत 97.1 से बढ़कर 98.6 प्रतिशत हो गया है, जो स्वास्थ्य तंत्र की बेहतर पहुंच को दर्शाता है। रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार राज्य में संस्थागत प्रसव का प्रतिशत 83.2 से बढ़कर 88.9 प्रतिशत हो गया है। इसका सीधा मतलब है कि अब ज्यादा महिलाएं अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव करा रही हैं, जिससे मातृ एवं नवजात मृत्यु



दर को कम करने में मदद मिल सकती है।इसके अलावा कुशल स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में होने वाले प्रसवों का प्रतिशत भी 83.7 से बढ़कर 90.3 प्रतिशत पहुंच गया है। यह संकेतक ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ने का प्रमाण माना जा रहा है। हालांकि, संस्थागत प्रसव बढ़ने के साथ ही सीजेरियन डिलीवरी (सिजेरियन सेक्शन) के मामलों में भी तेजी आई है।राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -5 में कुल सीजेरियन प्रसव 20।4 प्रतिशत थे, जो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-6 में बढ़कर 25.9 प्रतिशत हो गए हैं। निजी अस्पतालों में यह दर 43.3 प्रतिशत से बढ़कर 47.7 प्रतिशत हो गई है। जबकि, सरकारी संस्थानों में भी ये 14 प्रतिशत से बढ़कर 14.7 प्रतिशत पहुंच गई है। आंकड़ों के अनुसार प्रसव के बाद दो दिनों के भीतर स्वास्थ्यकर्मियों से जांच प्राप्त करने वाली माताओं का प्रतिशत 78 प्रतिशत से बढ़कर 86।5 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह जन्म के बाद दो दिनों के भीतर स्वास्थ्य जांच पाने वाले बच्चों का प्रतिशत 78.9 से बढ़कर 86.7 प्रतिशत हो गया है। यह संकेतक दर्शाता है कि राज्य में पोस्ट-नेटल केयर सेवाओं की उपलब्धता और उपयोग में सुधार हुआ है, जो नवजात मृत्यु दर कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जाता है। बात टीकाकरण की करें तो टीकाकरण के क्षेत्र में उत्तराखंड ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। 12 से 23 माह आयु वर्ग के पूर्ण टीकाकृत बच्चों का प्रतिशत 81।1 से बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया है। वैक्सीनेशन कार्ड के आधार पर पूर्ण टीकाकरण वाले बच्चों की संख्या भी 88.6 प्रतिशत से बढ़कर 90.8 प्रतिशत हो गई है। यह बताता है कि बच्चों के टीकाकरण रिकॉर्ड का रखरखाव भी बेहतर हुआ है। इसमें कई प्रमुख टीकों की कवरेज में वृद्धि दर्ज की गई है।आंकड़ों से संकेत मिलता है कि पोषण योजनाओं और आंगनबाड़ी सेवाओं का कुछ सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। सबसे खास बात ये है कि अधिक वजन बच्चों का प्रतिशत 4.1 से घटकर केवल 0.7 प्रतिशत रह गया है। फिर भी राज्य में हर पांचवां बच्चा अवरुद्ध वृद्धि (स्टंटिंग) का शिकार है और लगभग उतने ही बच्चे कम वजन की श्रेणी में हैं। इसलिए कुपोषण पूरी तरह नियंत्रित नहीं माना जा सकता। ताजा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आलोक में प्रदेश के लिए एक चिंताजनक पहलू यह है कि राज्य में शिशु पोषण के कुछ महत्वपूर्ण संकेतकों में गिरावट दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार प्रदेश में जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू कराने का प्रतिशत 41.3 से घटकर 37.1 फीसदी रह गया है। इसके अलावा 6 महीने तक केवल मां का दूध पाने वाले बच्चों की फीसदी भी 52.5 से घटकर 40.8 फीसदी हो गया है। यह लगभग 12 फीसदी अंकों की बड़ी गिरावट है। हालांकि, 6 माह से कम आयु के बच्चों में वर्तमान स्तनपान की दर 90.2 फीसदी से मामूली घटकर 87।4 फीसदी रही है, लेकिन केवल स्तनपान के मामले में आई गिरावट राज्य के लिए चेतावनी संकेत है।




# किरण राठौर अध्यक्ष और कमल उपाध्यक्ष बने

किच्छा (संवाददाता)। किच्छा सहकारी क्रय-विक्रय समिति लिमिटेड के नवनिर्वाचित संचालक मंडल का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में अपर जिला अधिकारी (सहकारी समितियां) नवल शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं संचालकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह में कुं. किरण राठौर ने अध्यक्ष तथा कमल सिंह ठठोला ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। इसके अलावा प्रतिमा शाही, सोमवती, मनमोहन सक्सेना, मनप्रीत कौर, नंदलाल, प्रीति, तौफीक अहमद, राकेश, मनोज कुमार, मनोज तथा भावना जोशी ने संचालक पद की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि सहकारी संस्थाएं किसानों, श्रमिकों और आम जनता के आर्थिक विकास की मजबूत आधारशिला हैं। उन्होंने नवनिर्वाचित संचालक मंडल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समिति का संचालन पारदर्शिता, ईमानदारी और जनहित की भावना के



साथ किया जाना चाहिए। अपर जिला अधिकारी नवल शर्मा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। इनमें सभासद संदीप अरोड़ा, धर्मराज जायसवाल, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ गोल्डी गोराया, मुकेश कोली, मूलचंद राठौर, नाजिम मलिक, प्रेम राठौर, रेखा राठौर, कमलेश राठौर, उमेश शर्मा, नरेंद्र ठकराल, कुमार राठौर, प्रियंका चोपड़ा, भूपाल रावत सहित अनेक लोग शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन सक्सेना ने किया।

# प्रकाश अध्यक्ष, दिनेश सचिव, हरीश कोषाध्यक्ष निर्वाचित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन का वार्षिक अधिवेशन रविवार को सिटी क्लब में आयोजित किया गया। अधिवेशन के बाद यूनियन की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। कार्यक्रम प्रभारी पंकज अरोरा कोषाध्यक्ष पद पर हरिश्चंद्र जोशी तथा उपसचिव पद पर लक्ष्मण सिंह को निर्विरोध चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों के बीच मतदान कराया गया। कुल 15 मतों में से 14 मत पड़े, जबकि एक मत निरस्त कारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर जनपद उधम सिंह नगर व नैनीताल के निर्वाचित पदाधिकारियों




में यूनियन पदाधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। चुनाव अधिकारी जहांगीर कुरैशी की देखरेख में अधिकांश पदों पर सर्वसम्मति से निर्वाचन हुआ। अध्यक्ष पद पर प्रकाश चंद जोशी, सचिव पद पर दिनेश सिंह, उपाध्यक्ष पद पर शुभम सिंह मीडिया घोषित किया गया। मतगणना में शुभम सिंह को 7 मत प्राप्त हुए और उन्होंने जीत दर्ज की। सुरेंद्र पाल सिंह को 5 तथा राजवीर सिंह को 2 मत मिले।नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का अधिवेशन में उपस्थित कर्मचारियों एवं सदस्यों ने स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधि सहित भारत भूषण, हरीश चंद्र, शम्मी कुमार, सुरेश चंद्री, सुमित कुमार, ब्रजकिशोर, हिमांशु बिष्ट, कुन्दन टी, गजेन्द्र पाल, नवीन कुमार, अरविन्द ये, मानसिंह, बलवन्त रावत, ललित मोहन, अतुल कुमार, समरपाल सिंह, सचिन चौहान, प्रदीप कुमार आदि मौजूद थे।

# पंकज चौथी बार बने सहकारी समिति यूनियन के मीडिया प्रभारी



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। सहकारी समितिया कर्मचारी यूनियन नैनीताल ऊधम सिंह नगर के शनिवार को सिटी क्लब में आयोजित हुए कार्यकारिणी के चुनाव में पंकज अरोरा को उनके संगठन के प्रति किए गए समर्पित भाव के कार्यों को देखते हुए पुनः चौथी बार सर्वसम्मति से मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा गया। नई कार्यकारिणी के गठन के पश्चात पंकज अरोरा के पिछले कार्यकाल को देखते हुए पुनः चौथी बार उन्हें मीडिया प्रभारी बनाए जाने की घोषणा की गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पंकज अरोरा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पंकज अरोरा ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।